भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2635
उत्तर देने की तारीख 09.02.2026

संग्रहालयों और अभिलेखागारों का आधुनिकीकरण

2635. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय संग्रहालयों और अभिलेखागारों के आधुनिकीकरण के लिए कार्यान्वित की गई/कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत अब तक किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संग्रहालयों में डिजिटलीकरण का कार्य किया जा रहा है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सार्वजनिक अभिगम बढ़ाने के लिए उठाए गए कदम क्या हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संस्कृति मंत्रालय, संग्रहालय अनुदान स्कीम संचालित करता है जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर केन्द्र/राज्य सरकारों, सोसाइटियों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और सोसाइटी अधिनियम के तहत पंजीकृत न्यासों द्वारा प्रबंधित संग्रहालयों को नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास/ संग्रहालय के संग्रहों के डिजिटलीकरण/ वर्चुअल संग्रहालयों की स्थापना और संग्रहालय पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इस स्कीम के दिशा-निर्देशों का विवरण संस्कृति मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट http://www.indiaculture.gov.in पर उपलब्ध है।

(ख): संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान किए गए व्यय का विवरण इस प्रकार है:

(करोड़ रुपए में)

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	बजट अनुमान	व्यय
1.	2022-23	32.23	20.03
2.	2023-24	45.40	6.76
3.	2024-25	20.00	19.58

(ग): जी, हां, संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संग्रहालयों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(घ): संग्रहालयों के संग्रह की डिजिटल रिपॉजिटरी बनाने के लिए संस्कृति मंत्रालय का एक वेब पोर्टल है। संग्रहालयों के संग्रह का उनके चित्रों सहित विवरण निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: **https://museumsofindia.gov.in/repository**

******

अनुलग्नक-I

'संग्रहालयों और अभिलेखागारों का आधुनिकीकरण' के संबंध में दिनांक 09 मार्च, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2635 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत तीन वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत संग्रहालयों के संग्रह के डिजिटलीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संग्रहालयों का विवरण

क्र. सं.	राज्य	संग्रहालय/राज्य का नाम और पता
1	कर्नाटक	बासव समिति, बासव भवन, श्री बासवेश्वर रोड़, बेंगलुरु-560001